हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 14 जनवरी 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

## पर्दे पर दिखेगी माइकल जैकसन की कहानी, आ रही बायोपिक



**लॉस एंजेलिस।** अपनी गायकी और डांस से पूरी दुनिया को दीवाना बना देने वाले माइकल जैक्सन की कहानी जल्द ही पर्दे पर नजर आने वाली है। पॉप किंग की बायोपिक पर इन दिनों तेजी से काम चल रहा है। यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म का निर्माण 22 जनवरी को शुरू होने वाला है। इस फिल्म का निर्देशन एंटोनी फूक्वा करेंगे। यह प्रोजेक्ट लायंसगेट द्वारा समर्थित है। जैक्सन के भतीजे जाफर जैक्सन फिल्म में लीड भूमिका निभाएंगे। यूनिवर्सल पिक्चर्स के पास जापान को छोड़कर फिल्म के अंतर्राष्ट्रीय अधिकार हैं। ग्राहम किंग जॉन ब्रैंका और जॉन मैकक्लेन के साथ निर्माण कर रहे हैं। फिल्म की पटकथा जॉन लोगन ने लिखी है। इससे पहले वे ग्लेडिएटर और द एविएटर जैसी फिल्में लिख चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म जैक्सन के जीवन के सभी पहलुओं को कवर करेगी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि निर्माता दिवंगत संगीत आइकन से जुड़े विवादों को कैसे दिखाएंगे। बायोपिक उनकी संपत्ति के संयोजन में बनाई जा रही है, जिसने बच्चों के यौन शोषण के आरोपों के खिलाफ उनका बचाव किया था। माइकल जैक्सन का जन्म 29 अगस्त, 1958 को गैरी, इंडियाना (शिकागो, इलिनोइस में एक श्रमिक वर्ग के परिवार में हुआ था।

जोसेफ वाल्टर ₹जोे₹ और कैथरीन एस्थर (नी स्क्रूज) के नौ बच्चों में वे सातवे नंबर पर थे।

## छॉलीवुड

## करन की "भागमानी"छा गई यू-ट्यूब पर, लाखों ने देखा



**रायपुर।** यूट्यूब चैनल पर छत्तीसगढिया स्टार करन खान व दीपिका सिंह अभिनीत, निर्माता विकास खंडायित मेहर व छत्तीसगढ़ के जाने माने निर्देशक नितेश लहरी की शार्ट फ़ल्मि "भागमानी" सुर्खियां बटोर रही है। नया चैनल और कम सब्सक्राइबर होने के बाद भी धीमी शुरुवात करते हुए "भागमानी" ने अपनी रफ्तार पकड़ी और वर्तमान में लाखों व्यू के साथ ही चैनल के टॉप पर पहुंच गई है। "भागमानी" को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है और लगातार इसके व्यूज बढ़ते ही जा रहे हैं।"भागमानी" के निर्माता विकास खंडायित मेहर व निर्देशक नितेश लहरी ने पूरी टीम को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए दर्शकों को इस असीम प्यार के लिए ह्रदय से आभार व्यक्त किया है। साथ ही जिन्होंने भागमानी नही देखी है उन्हें फ़ल्मि देखने की अपील की है। भागमानी के कहानीकार व निर्माता विकास खंडायित मेहर, पटकथा-संवाद व निर्देशन – नितेश लहरी, छायांकन – राजू देवदास, संपादन – नारायण यादव, पोस्ट प्रोडक्शन – अभिषेक म्यूजिक वर्ल्ड, प्रोडक्शन डिज़ाइनर – अमरनाथ पाठक, गायक -अनुराग शर्मा, नृत्य – राम यादव, रूपसज्जा – रज्जु, वेशभूषा – लवकुमार, एक्शन – आनंद साहू और सहनिर्देशक – राजेन्द्र देवांगन हैं। प्रमुख कलाकार करन खान, दीपिका सिंह, रवि शर्मा, प्रमिला रात्रे, राजेश पांडिया, हेमंत निषाद, मिलन सिंगौर, लव कुमार महानंद, माही साहू, आनंद साहू, नोखु सिंगौर, नंदू साहू व अन्य हैं।

## भोजपुरी

## निरहुआ ने काजल राघवानी संग किया रोमांस, भाया भोजपुरी गीत



**पटना।** यूट्यूब पर भोजपुरी गानों को खूब प्यार मिलता है। इस बीच निरहुआ का एक गाना काफी पॉपुलर हो रहा है जिसमें काजल राघवानी के साथ उनका रोमांस देखने को मिल रहा है। ये फिल्म 'पटना से पाकिस्तान' है, जिसका गाना आज भी दर्शकों को खूब पसंद आता है। यूट्यूब पर भोजपुरी गानों को खूब प्यार मिलता है। खेसारी लाल यादव, पवन सिंह से लेकर आम्रपाली दुबे जैसे एक्टर्स के गानों को लोग देखना खूब पसंद करते हैं। इसी राह में भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार निरहुआ का गाना काफी वायरल हो रहा है। जो कि उन्हीं की भोजपुरी फिल्म से है। दिनेश लाल यादव यह गाना 'हम हई पिया जी पतरी तिरीयवा' लोगों को खूब अट्रैक्ट कर रहा है। इस गाने के विजुअल्स की बात करें तो निरहुआ और काजल राघवानी काफी अट्रैक्टिव लुक में दिख रहे हैं। गेंदों के फूल और दोनों का शानदार डांस का मिश्रण गजब है। गाने के विजुअल्स की तरह कोरियोग्राफी भी शानदार है और गाने के बोल भी। यही वजह है कि आज भी इस गाने को इतना पसंद किया जा रहा है।'पतरी तिरीयवा' गाने को कल्पना और दिने लाल यादव ने ही गाया है। जिसके बोल भोजपुरी इंडस्ट्री के मशहूर लिरिसिस्ट प्यारे लाल यादव ने लिखे हैं। वहीं डायरेक्टर संतोष मिश्रा हैं। 'पटना से पाकिस्तान' गाने की बात करें तो इसमें निरहुआ और काजल राघवानी के अलावा आम्रपाली दुबे, सुशील दुबे और अशोक समर्थ नजर आए। 'पटना से पाकिस्तान' फिल्म के बारे में बात करें तो ये साल 2015 में रिलीज हुई थी। निरहुआ की इस फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था।

लाइफ



फैशन की लाली

फैशन नगरी पेरिस में इन दिनों लाल का जादू छाया हुआ है। केंडल जेनर ने पेरिस में शिआपरेल्ली के स्प्रिंग-समर 2024 शो को लाल ऐक्रेलिक नकली नाखूनों से बनी पोशाक के साथ पेश किया है। लेकिन जेनर एकमात्र सेलेब्रिटी नहीं हैं जो लाल के प्यार की गिरफ्त में है। फैशन की दुनिया की जानी-मानी मॉडल यहां एक साथ लाल रंग में रंगी नजर आई तो दुनिया भर के कैमरे उनकी तरफ घूम गए। हालांकि यह क्रांति नहीं लेकिन एक ट्रेंड तो है।

## बालों के लिए बेहद फायदेमंद है लकड़ी की कंघी



हर कोई बाल को संवारने के लिए कंघी का इस्तेमाल करता है। लोग ध्यान नहीं देते लेकिन कंघी की क्वालिटी आपके बालों पर गहरा असर डालती है। ऐसे में अक्सर विशेषज्ञ लकड़ी की कंघी इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। जी हां, बाल कंघी करने के लिए लकड़ी की कंघी को ही सबसे बेस्ट माना जाता है। इसमें कई प्रकार के गुण पाए जाते हैं, जो बालों से जुड़ी तमाम परेशानियों को दूर करते हैं। प्लास्टिक की कंघी से बालों की उलझन दूर तो हो जाती है, लेकिन बाल वापस से फ्रिजी हो जाते हैं, जिसके बाद बाल झड़ने लगते हैं। ऐसे में अगर आप लकड़ी की कंघी इस्तेमाल करेंगे तो बालों को सुलझाने में दिक्कत नहीं होगी और ना ही बाल झड़ेंगे। लकड़ी की कंघी के इस्तेमाल से स्कैल्प की मालिश होती है। ऐसे में अगर आप रोजाना लकड़ी की कंघी का इस्तेमाल करेंगे तो इससे सिर का ब्लड सर्कुलेशन ठीक हो जाएगा। सिर के स्कैल्प से कई प्रकार के नेचुरल ऑयल निकलते हैं, ऐसे में लकड़ी की ये कंघी इस ऑयल को बालों में बराबर बांटने का काम करती है। ये ऑयल बालों में प्राकृतिक चमक प्रदान करता है। इसी के चलते बालों में प्राकृतिक नमी बरकरार रहती है। लकड़ी की कंघी में कई प्रकार के नेचुरल एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं,।

## स्किन केयर में होने वाली इन गलतियों से खो सकता है आपकी त्वचा का निखार



सर्दी में निकलने वाली धूप में भी कई ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाते है। सही स्किन केयर रूटीन बनाने के लिए अपने स्किन टाइप को न जानना एक मिस्टेक हो सकता है। अलग-अलग स्किन टाइप्स के लिए विभिन्न प्रोडक्ट्स होते हैं, और यदि आप अपनी स्किन को अच्छे से समझते नहीं हैं, तो आप गलत प्रोडक्ट्स का उपयोग कर सकते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सर्दी के मौसम में ज्यादा प्रोडक्ट्स का उपयोग करना भी एक मिस्टेक हो सकता है। अगर आप बहुत सारे प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं, तो ये भी त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है। समय के साथ स्किन चेंज हो सकती है, और यदि आप अपनी स्किन केयर रूटीन में कभी-कभी परिवर्तन नहीं करते हैं, तो यह एक मिस्टेक हो सकती है।सही मॉइस्चराइजर का चयन न करना भी एक आम मिस्टेक हो सकता है। आपकी स्किन को मॉइस्चराइजर की बेहद जरूरत होती है। ऐसे में आपकी स्किन टाइप के अनुसार सही मॉइस्चराइजर का चयन करना काफी महत्वपूर्ण है।

## गोल चेहरे पर खूब जचेंगे ट्रेंडी हेयर स्टाइल्स



अपने लुक को आकर्षक और स्टाइलिश बनाने के लिए आउटफिट से लेकर मेकअप तक सभी चीजें जरूरी होती है, लेकिन इसके साथ-साथ अपने बालों के हिसाब से परफेक्ट हेयर स्टाइल चुनना भी लुक के लिए काफी जरूरी होता है। वहीं कई बार हमारे बाल मौसम के कारण बाल पतले होने लगते हैं।

### ओपन हेयर स्टाइल

पतले बाल अक्सर खुले रखने पर काफी बेजान से नजर आने लगते हैं। ओपन हेयर स्टाइल को बाउंसी लुक देने के लिए आप ब्रेड का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप फ्रंट या साइड में ब्रेड बना सकती हैं। बचे हुए लेंथ को अप कर्ल्स कर सकती हैं।

### ऐसे बनाएं ब्रेड



अगर आपके बाल पतले हैं तो आप इसे हैवी लुक देने के लिए फेक हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही कोशिश करें कि आप फ्रंट में ब्रेड बनाएं और एक की जगह 2 से 3 तरह के ब्रेड बनाने की कोशिश करें। ब्रेड को सजाने के लिए आप बीड्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### बन बनाने के लिए

पतले बालों में आप बन बनाने के लिए आप डोनट स्टफिंग का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से आपके बालों में बनाया बन काफी खूबसूरत नजर आएगा।

साथ ही इसे आकर्षक बनाने के लिए आप ताजे गजरे का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## ड्रेस के साथ बूट पहनकर दिखाना है जलवा तो इन बातों का रखें ख्याल

फैशन



सर्दियों के मौसम में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। अगर आप भी सर्दियों में घूमने जा रही हैं, तो स्टाइल दिखाना तो लाजमी है। ऐसे में सर्दियों की शुरुआत होते ही हर लड़की विंटर के हिसाब से शॉपिंग करना शुरू कर देती है। हर लड़की के पास कई तरह की जैकेट्स होती हैं, जिन्हें पहनकर वो अपना जलवा दिखाती रहती हैं। सर्दियों के मौसम में जैकेट्स के साथ-साथ बूट्स भी लड़कियों को स्टाइलिश दिखने में मदद करते हैं। बूट्स वैसे तो किसी भी आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं, लेकिन अगर इन्हें ड्रेस के साथ पहना जाए, तो इनका स्टाइल और ज्यादा क्लासी लगने लगता है। ज्यादातर लड़कियों को ड्रेस के साथ बूट पहनने का शौक होता है लेकिन अगर आप इसे गलत तरह से कैरी करेंगी, तो आपका लुक बिगड़ सकता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनको फॉलो करके आप ड्रेसेज के साथ बूट्स पहन सकती हैं।





**हील्स वाले बूट्स:** अगर आप मिडी स्टाइल ड्रेस के साथ बूट्स कैरी करने का सोच रही हैं, तो अपने कमर में चौड़ी सी बेल्ट जरूर लगाएं। इससे आपका लुक और ज्यादा क्लासी लगेगा। बेल्ट लगाने से आपका फिगर काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा। इसके साथ हील्स वाले बूट्स पहनें।

**ऐसे कैरी करें थाई बूट्स :** शॉर्ट ड्रेस के साथ हमेशा लंबी हाइट वाले बूट्स ही पहनें। इनकी हाइट तकरीबन 6 इंच होनी चाहिए। इससे आप सर्दी से भी बच जाएंगी और साथ में आपका स्टाइल भी काफी बोल्ड लगेगा।

**एंकल बूट्स:** आप इसे किसी भी तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। बस इसे कैरी करते वक्त ध्यान रखें कि आपने मोजे जरूर पहन रखें हों। इससे आपके लुक में काफी ज्यादा बदलाव देखने को मिलेगा।

**टाइट्स के साथ भी दिखेगा अलग लुक:** आप एंकल लेंथ बूथ को टाइट्स के साथ भी कैरी कर सकती हैं। ये आपको सर्दी से बचाएंगी और साथ में इसी से आपका लुक काफी क्लासी लगेगा।

## स्टाइलिश चश्मा पहनने का शौक है तो सेलेब्स से लें आइडिया

हम हमेशा से अपने सेलिब्रिटी या बॉलीवुड एक्टर्स के चश्मे की तरह अपने लिए ग्लास लेना पसंद करते हैं। इसलिए जब किसी फिल्म या अल्बम में न्यू स्टाइल का चश्मा दिखता है तो उसे खरीदने के लिए बेताब हो जाते हैं। मगर चश्मा खरीदने से पहले कुछ बातों को जानना जरूरी है। सनग्लास केवल हमारे फैशन को निखारने का काम नहीं करते हैं। इनको पहनने के कई अन्य फायदे भी हैं। इस हिसाब से भी हमें अपने वार्डरोब में चश्मे को जगह देनी चाहिए।



### ओवरसाइज्ड चश्मा

ओवरसाइज्ड चश्मा पहनने का फैशन नया नहीं है। लेकिन इन दिनों उसका प्रचलन तेजी से बढ़ा है। क्योंकि आजकल के गानों या फिल्मों में इस तरह के सनग्लास को खूब दिखाया जा रहा है। कहीं न कहीं इन चीजों की छाप हमारे ऊपर पड़ती है।

### ब्लैक चश्मा

काले चश्मे कमाल के होते हैं। अधिकतर लोग काला चश्मा कैरी करना पसंद करते हैं। वैसे भी ब्लैक कलर की बात ही कुछ और है। मगर लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से कुछ तलाश रहे हैं तो सनी कौशल की फोटो देखें। इनका काले रंग का चश्मा कमाल का दिख रहा है।

### येलो सनग्लास

चश्मों की बिक्री उनके लुक के आधार पर होती है। ग्लास का कलर देखकर अधिकतर चश्मों की खरीदारी करते हैं। येलो कलर के सनग्लास को पहनने वालों की संख्या काफी अधिक है। इस तरह के चश्मों से क्लासी लुक मिलता है। जैसे यहां पर देखिए सुनील ग्रोवर कितने कमाल के दिख रहे हैं।

### राउंड सनग्लास

राउंड या ओवल साइज सनग्लास भी लड़कों के चेहरे पर अच्छे लगते हैं। इस बात को आप यहां पर तस्वीर देखकर समझ सकते हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी का यह चश्मा काफी अच्छा लगता है। इस तरह के चश्मे हल्के होते हैं। इसलिए इनको पहनना सही होता है।

### वेफेरर्स - चश्मे

वेफेरर्स - चश्मे को भी काफी लड़के पसंद करते हैं। इस तरह के चश्मों को खूब पसंद किया जाता है। साथ ही इस तरह के सनग्लास को कहीं भी पहनकर निकल सकते हैं। शाहिद कपूर वेफेरर्स - चश्मे में काफी अच्छे लगते हैं।

इनकी अधिकतर फोटो वेफेरर्स - चश्मे में है।

कार्नर न्यूज

## शादी की शेरवानी खरीदते वक्त जरूर रखें इन बातों का ध्यान

*हमने अक्सर शादी के घरों में देखा है कि लड़कियां तो शादी की तैयारी महीनों पहले से शुरू कर देती हैं, लेकिन लड़के अपनी शॉपिंग पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। जबकि शादी का दिन दूल्हा और दुल्हन दोनों के लिए ही बेहद खास होता है। इस दिन हर किसी की नजर दुल्हन के साथ-साथ दूल्हे पर भी होती है। ऐसे में दूल्हे को भी सबसे खास दिखना चाहिए। आज के समय में होने वाले दूल्हों को शेरवानी पहनना काफी पसंद आता है। बाजार में उनकी पसंद के हिसाब से आसानी से शेरवानी मिल भी जाती है लेकिन कई बार ये देखा जाता है कि गलत तरह के वेडिंग आउटफिट का चयन करने के बाद रात भर पूजा के समय बैठना काफी मुश्किल हो जाता है। दरअसल, शादी के दिन जयमाला का बाद रस्में पूरी रात चलती हैं।*



## शेरवानी ऐसी चुने जो दुल्हनियां के साथ लोगों को भी भाए

### क्या पहन सकते हैं

अगर ज्यादा ठंड का मौसम है तो आप सूट को भी चुन सकते हैं, लेकिन शेरवानी शादी के दिन सबसे खास दिखती है। ऐसे में कोशिश करें कि अपनी शादी के दिन शेरवानी का ही चयन करें।

### फैब्रिक का रखें ध्यान

अगर आप रेडीमेड शेरवानी खरीद रहे हैं तो उसे अच्छे से पहनकर देख लें। कई बार पायजामी का कपड़ा इतना ज्यादा कड़क होता है, कि उसे पहनकर बैठे रहना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में ध्यान रखें कि शेरवानी का फैब्रिक ऐसा हो जिसमें आपको उलझन ना होने पाए।

### फिटिंग का रखें ध्यान

आपका शेरवानी ना तो ज्यादा टाइट होनी चाहिए और ना ही ढीली। अगर शेरवानी ज्यादा टाइट होगी तो इसे पहनकर बैठे रहना काफी मुश्किल होगा, लेकिन अगर ये ज्यादा ढीली होगी तो आपका लुक भी बिगड़ सकता है। ऐसे में शेरवानी की फिटिंग एक दम परफेक्ट ही कराएं।

### रंग का रखें ध्यान

वैसे तो आजकल पेस्टल रंग काफी ज्यादा चलन में हैं, लेकिन कई घरों में दूल्हा और दुल्हन को हल्के रंगों से दूर रखते हैं। ऐसे में आप गोल्डन-सिल्वर, गोल्ड-ब्लैक, गोल्डन-औरेंज, रेड-गोल्डन रंगों को चुन सकते हैं।



4 प्रत्येक युवा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े




## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को दी गई कानून की जानकारी



**मनेन्द्रगढ़।** सरस्वती विकास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी में मनेन्द्रगढ़ न्यायालय के प्रथम न्यायाधीश विवेक कुमार तिवारी एवं फास्ट ट्रेक कोर्ट के न्यायाधीश आनंद प्रकाश दीक्षित के द्वारा विधि साक्षरता कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को कानून संबंधी एवं मोटर एक्ट पाक्सो एक्ट की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य वेद प्रकाश पाण्डेय, प्राचार्य पीएन तिवारी, प्रधान पाठक हीरालाल केंवट, शैलेन्द्र सिंह, श्रीमती ऊषा पटेल, प्रतिभा तिवारी, नीलिमा खरे, कुमारी आरती गुप्ता, कुमारी निकिता विश्वकर्मा, कुमारी शिल्पी मिश्रा उपस्थित रहीं। अंत में प्राचार्य वेद प्रकाश पाण्डेय आभार प्रकट किया गया।

### डगोरा की शिक्षिका बनीं सिविल जज

**मनेन्द्रगढ़।** संकुल केन्द्र पिपरिया के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक



विद्यालय डगोरा की शिक्षिका सुश्री प्रज्ञा सिंह का चयन सिविल जज में हुआ है। सुश्री प्रज्ञा सिंह के पिता प्रधान पाठक माध्यमिक विद्यालय साल्ही से रिटायर हो चुके हैं, माताश्री घरेलू महिला है। प्रज्ञा शुरू से प्रतिभावान रही है, उनके सिविल जज परीक्षा में चयन होने पर संकुल प्राचार्य डॉ.विनोद पांडे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र जायसवाल, संकुल समन्वयक कमरुद्दीन एवं अन्य शिक्षकों ने विद्यालय पहुंचकर फूल माला से स्वागत किया एवं मिठाई खिलाई। सुश्री प्रज्ञा सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं प्रधान पाठक व शिक्षकों को दिया है।

### श्याम भजन संध्या का आयोजन 24 को

**मनेन्द्रगढ़।** अरदास कीर्तन,भव्य दरबार,आलौकिक श्रृंगार,छप्पन भोग,श्याम रसोई का आयोजन 24 जनवरी को शाम 7 बजे से किया जाएगा। आयोजन के मद्देनजर व्यापक तैयारियां की जा रही है। श्रीराम मंदिर मैदान में होने वाले इस धार्मिक आयोजन में गायक कलाकार निहारिका पुरोहित, नागपुर एवं कृष्णा शर्मा (रेनूकुट) अपनी प्रस्तुति देंगे। उपरोक्त धार्मिक कार्यक्रम के आयोजक करने वाले श्याम, करवाने वाले श्याम हैं। आयोजन में विशेष अनुग्रह श्याम दीवाने टोली सरगुजा संभाग का प्राप्त हो रहा है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से आयोजन में सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया है।

### वरिष्ठ कांग्रेसी मकबूल ने सौंपा इस्तीफा

**मनेन्द्रगढ़।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मकबूल अख्तर ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव को अपना इस्तीफा प्रेषित किया है। नगर पंचायत नई लेदरी निवासी मकबूल अख्तर ने कांग्रेस के सभी पदों से त्याग पत्र देते हुए अपना इस्तीफा जिला व प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित किया है।

### वॉल पेंटिंग अभियान के संयोजक बने राहुल

**मनेन्द्रगढ़।** राष्ट्रीय अभियान लोकसभा चुनाव तैयारी के अंतर्गत वॉल पेंटिंग के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव के मार्गदर्शन में वॉल पेंटिंग अभियान के लिए जिला संयोजक एवं जिला सह संयोजक की नियुक्ति घोषित करते हुए निर्देशित किया गया है कि अतिशीघ्र वॉल पेंटिंग अभियान के मंडल एवं बूथ स्तर पर संयोजक एवं सहसंयोजक की सूची घोषित की जाए। उक्ताशय की घोषणा जिला महामंत्री रामलखन सिंह ने पत्र द्वारा जारी की।

## 48 वां अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज

# पहले मैच में तमिलनाडु ने यूपी को हराया



फुटबाल प्रतियोगिता के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि।



मैदान में अपने खेल का प्रदर्शन करते खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

क्षेत्र में 48 वां अखिल भारतीय शेषन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज शनिवार को हो गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में बैकुंठपुर क्षेत्र के जनरल मैनेजर आरपी सिंह, सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष श्रीमती लालमुनि यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रिजनल हॉस्पिटल चरचा डॉ.संजय सिंह, जीएम आपरेशन राजिन्द्र कुमार, सीएमओ आरआई अध्यक्ष अनिल कुमार सोनपुरिया, खान सुरक्षा अधिकारी एमआर मांडवी, कार्मिक प्रबंधक जीएल परिहार, हरेन्द्र तिवारी, हीरा सिंह,उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं फुटबॉल सचिव डॉ. एके बिराजी, एरिया जेसीसी, एरिया वेलफेयर स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शुभारंभ के पश्चात मुख्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ और शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मैच प्रारंभ के पूर्व मुख्य अतिथियों ने टूर्नामेंट ध्वजारोहण, राष्टीय गीत, कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत, खदान में हुई दुर्घटना कामगार के लिए 2 मिनट का मौनधारण किया गया। मैच प्रारंभ होते ही तमिलनाडु पुलिस टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 7 गणेश मेथीयू पहला शानदार गोल कर मऊ उत्तर प्रदेश टीम से 1-0 से बढ़त बनाया। दोनों ही टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक-दूसरे पर हावी रही। तमिलनाडु पुलिस टीम प्रारंभ से ही मऊ टीम पर भारी रहा। दूसरा गोल जर्सी नंबर 28 वैलारसत ने दाग दिया। मध्यांतर के पूर्व तमिलनाडु पुलिस ने 3-0 से बढ़त बनाए रखा। मैच कमिश्नर अनिल केचर चिरमिरी, रेफरी संतन अग्रवाल जगदलपुर, पप्पू कुमार चरचा, चंदन बेहरा चिरमिरी, आशीष तिवारी बिलासपुर ने मैच कराया। मध्यांतर के बाद दोनों ही टीम मैदान पर उतरी। दोनों ही टीमों ने मध्यांतर के बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए एक भी गोल नहीं कर पाई। इसी के साथ ⏭ शेष पेज 4 पर

### एक दिन का वेतन देते हैं कोलकर्मी

इस गोल्ड कप प्रतियोगिता के लिए कॉलरी अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा अपना एक दिन का वेतन प्रतियोगिता आयोजन के लिए दिया जाता है, इसी सहयोग से लगातार चरचा कॉलरी में गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। दूसरी फुटबाल प्रतियोगिता को देखने के लिए स्टेडियम में रोजाना हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ती है।

### ये टीमें हो रही शामिल

अखिल भारतीय सेशन स्मृति स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता में डाउन-टाउन हीरोज कश्मीर, स्पोर्ट्स हॉस्टल मऊ उत्तर प्रदेश, झारखंड एफसी झारखंड़, हैदराबाद आर्मी तेलंगाना, लुधियाना एफसी पंजाब, जग्गा यूनाइटेड भुवनेश्वर उड़ीसा, न्यू स्पोर्टिंग क्लब चरचा, छग एनएल आईपी ग्वालियर मध्यप्रदेश, फ्रेंड्स जॉर्ज स्पोर्ट्स क्लब केरला, एचडीएफसी पठानकोट पंजाब, बिहार एफसी बिहार, गढ़वाल स्पोर्टिंग देहरादून उत्तराखंड़, दिल्ली एफसी दिल्ली ,तमिलनाडु पुलिस तमिलनाडु, मथुआ मिलन क्लब कोलकाता, पश्चिम बंगाल एवं बेंगलुरु कर्नाटक की टीम खेलेंगी।



जांच कार्रवाई करते तहसीलदार।

# 29 लाख का 952 क्विंटल धान पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले से धान खरीदी के दौरान एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां के कोटाडोल समिति के रापा उपार्जन केन्द्र में 2387 बोरा 952 क्विंटल समर्थन मूल्य पर 29 लाख 51 हजार रुपए का धान गायब हो गया है।

- प्रशासन की कार्रवाई से जिले की समितियों में मचा हड़कंप

मामले की सूचना मिलते ही तहसीलदार मनहरण सिंह राठिया के नेतृत्व में राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीम जांच में जुट गई है। शनिवार को टीम कलेक्टर को जांच प्रतिवेदन सौंप दी है। जानकारी के अनुसार प्रकरण में दोषी अधिकारी-कर्मचारी नपेंगे उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई भी की जा सकती है। प्रशासन की कार्रवाई से पूरे जिले की समितियों में हड़कंप मचा हुआ है।

उम्मीद जताई जा रही है कि अन्य समितियों की भी ऑनलाइन धान खरीदी के जल्द ही भौतिक सत्यापन सहित अन्य बिंदुओं पर जांच के आदेश दिए जा सकते हैं।

# अवैध शराब की ब्रिकी करने वाला युवक पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



जब्त शराब व गिरफ्तार आरोपी।

अवैध शराब की बिक्री करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी से 20 नग मैकडोवल शराब एवं 100 नग अंग्रेजी गोवा शराब कुल 21 लीटर 600 एमएल शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत 15400 रुपए ऑकी गई है। एसपी सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेश बरैया एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ए टोप्पो द्वारा लगातार जुआ, सट्टा, अवैध शराब, मादक पदार्थो पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत तारतम्य 12 जनवरी को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम घुटरा प्राथमिक स्कूल के पास संजय साहू नाम का व्यक्ति अपने निर्माणाधीन मकान के पीछे गड्ढ़े में अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री कर रहा है। इसकी सूचना एसपी श्री तिवारी को दी गई। ⏭ शेष पेज 4 पर

### अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** सड़क दुर्घटना व कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम तेलगवां निवासी बिरहुलिया बाई 10 जनवरी को गांव के लगभग 30-40 महिलाओं के साथ सुआ खेलने बयार गए थे। वापस घर लौटते समय धंगराटिकरा के समीप बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बिरहुलिया बाई व एक अन्य महिला को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों महिलाएं घायल हो गई। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बरहुलिया की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि घायल महिला की उपचार जारी है। दूसरी घटना में खड़गवां निवासी श्रीसिंह गत दिन अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

# फायर फाइटिंग और आपदा प्रबंधन का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में 12 जनवरी को नगर सेना के द्वारा एससीसी कैडेट्स एवं विद्यालयीन छात्रों को फायर फाईटिंग एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित जानकारी दी गई।

नगर सेना टीम प्रभारी बब्लू प्रसाद के द्वारा आग के प्रकार को बताते हुए ज्वलनशील पदार्थो से लगने वाली आग का लाईव प्रदर्शन किया गया, साथ ही आग से होने वाली जान-माल की हानि से किस प्रकार बचाव किया जाए, इसकी जानकारी दी गई। एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल फर्स्ट ऑफिसर, नायब सूबेदार अब्दुल हामिद, हवलदार मनोज कुमार, साजदा खातून, ममता ओझा एवं एनसीसी कैडेट्स को भी सिलेंडर से लगने वाली आग से बचाव का अभ्यास कराया गया। अग्निशमन वाहन के द्वारा विभिन्न प्रकार के आगों को बुझाने का प्रदर्शन किया गया। घरेलू सामग्री का उपयोग कर पानी में डूबने से किस प्रकार बचा जाए इसका प्रदर्शन सैनिक मनोज कुमार साहू के द्वारा किया गया। समस्त कार्यक्रम लेफ्टिनेंट कर्नल प्रियदर्शन चौधरी कमान अधिकारी 1 छग बटालियन एनसीसी कोरबा के निर्देशन में एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक आरपी शुक्ला, 1 छग बटालियन से नायब सूबेदार द्वय अब्दुल हामिद, रामदेव, हवलदार द्वय मनोज कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, साजदा खातून, सरिता खलखो, निर्मल सोनी, विक्रम कुमार, इंद्रजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।



जानकारी देते नगर सेना के जवान।

### यातायात नियंत्रण की दी जानकारी

लांस नायक डॉ. महेश मिश्रा नगर सेना के द्वारा 12 जनवरी को मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर में शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एनसीसी ट्रुप के कैडेट्स को यातायात के नियमों को विस्तार से बताया। नाबालिग के यातायात अधिकार एवं वाहन चालन संबंधी जानकारी दी गई एवं तीन सवारी, हेलमेट पहनना एवं वाहन तेज न चलाना एवं इसके अभाव में होने वाली हानि को उदाहरण सहित समझाया गया।

# अवैध ईंट भट्टे में प्रशासन की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नागपुर



कार्रवाई करती टीम।

एमसीबी जिले के एसपी सिद्धार्थ कुमार तिवारी के निर्देशन ,सीएसपी दीपिका मिंज के नेतृत्व में नागपुर चौकी पुलिस एवं खनिज विभाग के संयुक्त टीम ने 11 जनवरी की देर रात्रि छापामार कार्रवाई करते हुए दर्रीटोला धानापारा स्थित अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठे से 70000 इटा एवं 25 टन अवैध रूप से डंप कोयले को जब्त किया गया।

- 70 हजार ईंट और 25 टन अवैध कोयला जब्त

खनिज अधिनियम 1957 छग गौण खनिज नियम 2015 के तहत कार्रवाई की गई। 22 अगस्त 2023 से आज तक अवैध परिवहन के दो बड़े कोयले के गाड़ी एवं खनिज के अवैध परिवहन करते 33 ट्रैक्टरों की खनिज सहित जब्ती कार्रवाई किए जाने की जानकारी खनिज निरीक्षक आदित्य मानकर ने बताया। भरतपुर ग्राम बड़वाही में रेत के अवैध भंडारण मामले में 205000 के अर्थदंड की राशि आरोपियों पर अध्यारोपित की गई थी और उक्त राशि आरोपी गणों से वसूल कर खनिज मद में जमा कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि 10 जनवरी की देर रात्रि अमृतधारा रिजर्व फॉरेस्ट से कोयले का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए नागपुर पुलिस चौकी अंतर्गत दर्रीटोला धानापारा स्थित नदी तट ⏭ शेष पेज 4 पर

### ट्रैक्टर पलटने से दबकर चालक की गई जान

**बलरामपुर/रामानुजगंज।** ट्रैक्टर पलटने से दबकर युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि रामानुजगंज अंतर्गत ग्राम नगरा निवासी आशीष टोप्पो ट्रैक्टर चलाकर अपने परिवार का जीवन यापन करता था। युवक गुरुवार को ट्रैक्टर लेकर अपने साथी के साथ बलरामपुर के ग्राम बरदर में गया हुआ था। इस दौरान देर शाम चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और अनियंत्रित ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने के बाद युवक पहिए के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद युवक का साथी फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर आज शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। घटना के बाद परिजन में शोक का माहौल है।

### राम रथ कोरबा लोकसभा के सभी विधानसभा में करेगा भ्रमण

# शिव मंदिर प्रांगण से निकली राम रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय स्थित प्रेमाबाग शिव मंदिर प्रांगण से रामरथ को पूरे कोरबा लोकसभा में भ्रमण के लिए भेजा गया। यह राम रथ पूरे कोरबा लोकसभा के सारे विधानसभा में भ्रमण करेगा और प्रभु श्रीराम का गुणगान गाएगा।

- डॉ. राकेश की टीम ने निकाली है राम रथ यात्रा

विदित हो कि 22 जनवरी को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर काफी प्रतीक्षा के बाद बन रहा है, जिसकी खुशी पूरे देश में देखने को मिल रही है। सारा देश अपने-अपने अंदाज में प्रभु श्रीराम के आगमन की खुशी मनाने के लिए तैयार है। इसी तारतम्य में डॉक्टर राकेश शर्मा फैंस क्लब द्वारा प्रेमाबाग स्थित शिव मंदिर प्रांगण से प्रभु श्रीराम जी की रथ को पूरे कोरबा लोकसभा में भ्रमण के लिए रवाना किया। मौके पर डॉ.राकेश शर्मा, भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, डॉ.रजनी शर्मा, अनिल शर्मा , आशीष शुक्ला, ओमकार पांडे, संजय जायसवाल, घनश्याम साहू, पन्नालाल गोयल, ममता गोयल, सुधा सिंह,ध्रुव जायसवाल सहित काफी संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।



शुभारंभ पर उपस्थित अतिथि।

### पर्व को लेकर लोगों में रहता है विशेष उत्साह, घरों में तैयारी पूरी

# कल मनाई जाएगी मकर संक्रांति, तिल-गुड़ की महकेगी खुशबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



मकर संक्रांति वैसे तो 14 जनवरी को मनाया जाता है, लेकिन इस वर्ष मकर सक्रांति पर्व मनाए जाने की तिथि को लेकर कई लोगों में असमंजस्य की स्थिति है कि सक्रांति पर्व 14 को मनाया जाए या 15 जनवरी को।

इस संबंध में शहर के स्थानीय एसईसीएल काली मंदिर के पुजारी पंडित बालगोपाल गर्ग ने बताया कि इस वर्ष मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाया जाएगा। श्री गर्ग ने बताया कि इस दिन 2 बजकर 54 मिनट पर सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे, जिसका पूण्य काल 15 जनवरी को सुबह 7.15 से सायं 6.21 बजे तक रहेगा। इस तरह 15 जनवरी को इस बार मकर संक्रांति का पर्व उल्लास के साथ जिलेभर में मनाया जाएगा। मकर संक्रांति का पर्व सूर्य उपासना का प्रमुख पर्वो में से एक है। इस दिन लोग सुबह स्नान करके सूर्य को जलाभिषेक करते हैं और तिल गुड़ से बने व्यंजनों का सेवन करते हैं। मकर संक्रांति के दिन दान पुण्य का विशेष महत्व रहता है। मान्यता है कि इस दिन जरूरत मंदों को विभिन्न वस्तुएं दान करने से जातक को मनवांछित फल की प्राप्ति होती है, इसी मान्यता को लेकर लोगों के द्वारा इस दिन दान अवश्य दिया जाता है।

मकर संक्रांति के दिन सुबह के समय गंगा स्नान का महत्व है, लेकिन ऐसा संभव नहीं है तो घर में ही मौजूद जल में गंगाजल मिलाकर स्नान किया जा सकता है, इसके अलावा कई लोग इस दिन नदी सरोवरों में सुबह के समय स्नान करने पहुंचते हैं, इसके पश्चात सूर्यदेव को जल अर्पित करते हैं। इस दिन स्नान करने के पश्चात पूजा-अर्चना विधि विधान के साथ करना चाहिए, इसके बाद गुड़ तिल के बने व्यंजनों का सेवन कर दिन की शुरूआत करते हैं।

### मकर संक्रांति पर्व का विशेष महत्व

मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन सूर्यदेव अपने पुत्र शनि से मिलने उनके घर जाते हैं। इस घटना को मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है। जानकारी के अनुसार महाभारत काल में भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने के लिए मकर संक्रांति के दिन का चयन किया था। मकर संक्रांति के दिन गंगाजी भागीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जा मिली थी, इसके कारण मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा स्नान का महत्व है।

### पतंग उड़ाने की परंपरा अब सिमट रही

मकर संक्रांति पर्व आने के पूर्व पहले के वर्षो में कई लोगों के द्वारा पतंग उड़ना शुरू कर दिया जाता था और मकर संक्रांति के दिन तो कई जगहों पर पतंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जाती थी। पतंग उड़ाने की परंपरा अब सिमट गई है। अब मकर संक्रांति के अवसर पर भी इस तरह की प्रतियोगिता कम ही जगहों पर पतंग उड़ाने की प्रतियोगिता आयोजित होती है। ज्यादातर जगहों पर पतंग उड़ाने की प्रतियोगिता लगभग बंद हो गई है, वहीं बाजारों में भी अब पहले के वर्षो की भांति पतंग का विक्रय होते दिखाई नहीं देता।

### दान का फल कई गुना

मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर तिल, गुड़, चावल, उड़द, चिवड़ा, उनी वस्त्र, कंबल आदि का दान दिया जाता है। ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रांति के अवसर पर दिया गया दान सौ गुना बढ़कर प्राप्त होता है। यही कारण है कि इस दिन ज्यादातर परिवारों के द्वारा अपने घर के दरवाजे पर आने वाले गरीबों को खाली हाथ नहीं लौटाते हैं।

### खिचड़ी पर्व के रूप में पहचान

मकर संक्रांति पर्व को देश के उत्तरी पूर्व क्षेत्र के लोगों के द्वारा खिचड़ी पर्व के रूप में इसे मनाया जाता है। इस क्षेत्र के लोगों के द्वारा मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर घरों में खिचड़ी जरूर पकाई जाती है और इस दिन परिवार के लोग तिल गुड से बने लड्डु एवं व्यंजन का सेवन तो करते ही है, दूसरी ओर खिचड़ी भी इस दिन अवश्य खाते हैं। यही कारण है कि उत्तर पूर्व के क्षेत्रों में हर घर में खिचड़ी पकाई जाती है।

### मैनपाट महोत्सव के लिए लगी अफसरों की ड्यूटी

**अंबिकापुर।** कलेक्टर विलास भोस्कर संदिपान की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मैनपाट महोत्सव 2024 के आयोजन हेतु समन्वय बैठक आयोजित की गई। मैनपाट महोत्सव 2024 का आयोजन फरवरी के प्रथम सप्ताह में रोपाखार जलाशय के समीप किया जाना है। मैनपाट महोत्सव की आवश्यक तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। कलेक्टर श्री भोस्कर ने कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी अधिकारियों को आवश्यक समन्वय बनाते हुए अपनें दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आयुक्त ननि अभिषेक कुमार एवं प्रभारी अधिकारी, सहायक नोडल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नूतन कुमार कंवर को बनाया गया है।

## खबर संक्षेप



### शहीदों को अर्पित की गई पुष्पांजलि

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थित शहीद स्मारक में पूर्व सैनिक संगठन के तत्वाधान में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। जानकारी के अनुसार सैनिक कल्याण छग के डायरेक्टर बिग्रेडियर विवेक शर्मा दो दिवसीय कोरिया प्रवास पर रहे। इस दौरान बीते दिनों उन्होंने शासकीय आदर्श रामानुज उमावि परिसर में शहीद स्तंभ में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके शहादत को नमन किया गया। इस अवसर पर कमांडर रणजीत सिंह बिस्ट, पूर्व सैनिक अध्यक्ष सूबेदार सुनील कुमार सिंह, पूर्व सैनिक संगठन सचिव मोहम्मद कलीम, वरिष्ठ नागरिक रामजनम सिंह, व्याख्याता गीता नेमा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष आशीष यादव, नायक शैलेन्द्र यादव, आलोक बडेरिया, समानता क्रांति के अध्यक्ष अमिताभ गुप्ता, एनसीसी के अधिकारी संजीव जायसवाल, सैनिक कल्याण के सदस्य एवं काफी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

### लोकसभा निर्वाचन के लिए सेक्टर अधिकारी नियुक्त

**एमसीबी।** कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग के पत्र के अनुक्रम में आसन्न लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन, आवागमन के रूट का सत्यापन, वल्नरेबिलिटि मैपिंग की कार्रवाई, मतदान दलों पर प्रभावी नियंत्रण, पर्यवेक्षण और चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित मतदान केन्द्र के लिए सेक्टर ऑफिसर नियुक्त किया जाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 भरतपुर-सोनहत अजजा के लिए सेक्टर जनुवा के लिए सेक्टर अधिकारी गोपाल कारे ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी विकासखंड जनकपुर के लिए सेक्टर के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र एवं मतदान केन्द्र भवन का नाम इस प्रकार है। 6 बेला प्राथमिक शाला बेला, 10 उदकी प्राथमिक शाला उदकी, 1 मेहदौली प्राथमिक शाला मेहदौली, 2 बड़वाही, 1 प्राथमिक शाला बड़वाही, 4 बरछा प्राथमिक शाला बरछा, 9 चिडौला प्राथमिक शाला चिडौला, 12 कर्री प्राथमिक शाला कर्री, 3 बड़वाही 2 आंगनबाड़ी भवन धुघरीपारा बड़वाही, 5 माड़ीसरई प्राथमिक शाला माड़ीसरई, 7 घुघरी प्राथमिक शाला घुघरी, 8 हरचौका प्राथमिक शाला हरचौका, सेक्टर माड़ीसरई एचएस गुप्ता अनुविभाग अधिकारी जल संसाधन उस संभाग जनकपुर के लिए 14 जनुवा प्राथमिक शाला जनुवा, 15 पडौली प्राथमिक शाला पडौली, 11 जवारीटोला प्राथमिक शाला जवारीटोला, 13 छिरहाटोला प्राथमिक शाला छिरहाटोला, 16 पूंजी प्राथमिक शाला पूंजी, 17 मरखोही प्राथमिक शाला मरखोही, 18 देवगढ़ प्राथमिक शाला देवगढ़, 19 डोगरीटोला प्राथमिक शाला डोगरीटोला, 20 बड़काडोल प्राथमिक शाला बड़काडोल सहित अन्य लोग शामिल हैं।




## राष्ट्रीय युवा दिवस पर जिलेभर में विविध कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# प्रत्येक युवा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े


शासकीय आदर्श कन्या उमा विद्यालय में शामिल शिक्षक व बच्चे ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के अवसर पर राष्टीय युवा दिवस एवं तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा-निर्देशन में मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र में विद्यालय के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता एवं शालेय परिवार के सभी सदस्यों के द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात छात्राओं आरजू बानो, ममता राजवाड़े, अनुजा, आकांक्षा, अनन्या सिंह, अर्चना सिंह एवं प्रीति कुजूर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला एवं तंबाखू नियंत्रण के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए, इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने विचार प्रकट किए। इसमें सर्वप्रथम श्रीमती जिज्ञासा दुबे ने राष्टीय युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए, तंबाकू के सेवन व निर्माण कार्य में पूर्ण प्रतिबंध होने की बात कही, इसके बाद संजय यादव ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने पर जोर डाला। श्रीमती अन्नपूर्णा शर्मा ने सभी बच्चों को सदैव नशा से दूर रहने एवं सच्चाई से अपने लक्ष्य तक पहुंचने पर जोर दिया। श्रीमती पुष्पा सिंह ने छात्रों को कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त करने के मंत्र दिए एवं तंबाकू निषेध पर सरकार को कार्रवाई करने की बात कही। श्रीमती चंपा सिंह ने युवाओं को नशा से दूर रहने के लिए आग्रह किया तथा राष्टीय युवा दिवस में युवाओं की भूमिका बताते हुए कहा कि प्रत्येक युवा सकारात्मक सोच के साथ अपने स्वयं का विकास करते हुए देश का विकास करने की बात कही।

कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता ने राष्टीय युवा दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के अनमोल वचनों को अपने जीवन में अनुकरण करते हुए प्रत्येक युवा अपने जीवन को बेहतर एवं सार्थक बना सकते हैं एवं तंबाकू जैसे नशीले पदार्थों के सेवन से समाज को बचाने का आह्वान किया। तथा अंत में सभी छात्राओं को तंबाकू नियंत्रण की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में श्रीमती सी सिंह, पी सिंह, सुमन गुप्ता, ए शर्मा, के सोनवानी, एम जायसवाल, के शिवहरे, जे दुब, एस श्रीवास्तव, आर जगत, अनुराधा सोनपाकर, फागुनी बाई, अल्फा बारवा, स्वीटी मिश्रा, एस मेरी, एनएल सोनी, एस बानो, पी त्रिवेदी ,अनुश्री देव, आर देवांगन, श्री पांडे, संजय यादव, सोमेश कौशिक,ए चंदेल, सपना दुबे,अंशी जायसवाल का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन एनके दिवाकर एवं विपिन मिश्रा के द्वारा किया गया।

## विद्यार्थी बताए गए मार्ग का करें अनुसरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 7 किमी की दूरी पर स्थित खरवत गेज डेम परिसर के पास स्व. डॉ. रामचंद्र सिंहदेव कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में राष्टीय सेवा योजनांतर्गत 12 जनवरी को राष्टीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। युग पुरुष विश्व बंधुत्व वसुदेव कुटुंबकम के सूत्र वाहक महान दार्शनिक स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर मुख्य अतिथि एसके रूप द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.डीके गुप्ता ने की। कार्यक्रम की रूपरेखा पर सारगर्भित प्रकाश डाला डॉ.संजय कुमार धृतलहरे ने। अधिष्ठाता के द्वारा युवा दिवस पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा गया कि स्वामी जी के मार्ग का अनुसरण करते हुए विद्यार्थी अपना भविष्य उज्जवल करें। राष्टीय सेवा योजना के कार्यो और महाविद्यालय कार्यो पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसके रूप ने युवाओं को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद के उपदेशों और ग्राह्य नीतियों को स्पष्ट करते हुए जीवन संघर्ष आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का संपूर्ण जीवन एक ऐसा महा अध्याय है, जिसका एक पन्ना भी युवा अपने हृदय में उतार ले तो वह सफल होगा। कार्यक्रम में श्री रूप ने छात्र-छात्राओं से कुछ प्रश्न किया, जिसका सही जवाब देने पर बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र दिनेश कुमार तिर्की को मंच पर बुलाकर सराहना की और 500 रूपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ.संजय कुमार घृतलहरे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी द्वारा किया गया। राष्टीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राहुल आर्य द्वारा राष्ट निर्माण में युवा की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र कोरिया के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख इंजीनियर कमलेश कुमार के साथ-साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. राहुल आर्य, डॉ. एनके मिश्रा, पुनेश्वर सिंह पैकरा, डॉ.संदीप नवरंग, डॉ. जान्हवी, अंकुर गुप्ता, ममता साहू सहित कौशल कुमार प्रयोगशाला परिचारक, पीके ध्रुव सहायक वर्ग 1, विजय प्रकाश सलीब कुजूर, पूनम सिंह, प्रभात गुप्ता, उर्मिला, राजेश्वरी, केके साहू, सुदामा, विष्णु, सूरज एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राए आदि उपस्थित रहे।


कृषि महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम ।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर विविध कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को राष्टीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर रतन केशरवानी,विजय पाठक, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आदित्य अग्रवाल,अमित चंदेल, प्रखर जायसवाल, विवेक शर्मा, किशन बुनकर, राहुल केशरवानी, मनोज खटिक, स्मिता तिवारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सर्वप्रथम उपस्थितजन ने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सामाजिक कार्यकर्ता श्री केशरवानी ने कहा कि आज उस महान शख्सियत की जयंती को भी मनाने का दिन है, जिन्होंने दुनियाभर में भारतीय संस्कृति-विचारों का डंका बजाया था। 12 जनवरी 1863 को बंगाल में जन्मे स्वामी विवेकानंद धर्म, कला, दर्शन, साहित्य में कुशल थे। शिकांगों में आयोजित धर्म संसद में जब उन्होंने बोलना शुरू किया तो वहां मौजूद लोग हतप्रभ रह गए। विजय पाठक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामी जी ने भारतीय संस्कृति और विरासत की ऐसी प्रस्तुति दी जो इतिहास में अंकित हो गया, सदियां बीत जाने के बाद आज भी विश्वभर में इसकी चर्चा की जाती है। शिकांगों में आयोजित धर्म संसद में भारत के आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद को बोलने का अवसर दिया गया। यह उस वक्त किसी भारतीय के लिए बड़ी उपलब्धि थी। 11 सितंबर 1893 को जब स्वामी जी मंच पर पहुंचे और अपना संबोधन शुरू किया, तो वहां मौजूद लोग भारत की अनमोल संस्कृति के मुरीद हो गए। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आदित्य अग्रवाल ने कहा कि अमेरिका में स्वामी जी ने अपने भाषण की शुरूआत लोगों को हिंदी में संबोधित करते हुए की। संबोधन की शुरूआत करते हुए जैसे ही उन्होंने कहा कि अमेरिका के भाइयों और बहनों उनकी वाणी की ऊर्जा ने हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वामी विवेकानंद ने कहा कि अमेरिका में मेरे भाइयों और बहनों मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे देश से हूं, जिसने इस धरती के सभी देशों और धर्मों के सता लोगों को शरण में रखा है। मैं आपको अपने देश की प्राचीन संत परंपरा की तरफ से धन्यवाद देता हूं।


आयोजन में उपस्थित युवा।

## युवाओं को विवेकानंद से लेनी चाहिए प्रेरणा : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटना

नेहरू युवा केन्द्र बैकुंठपुर एवं पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय महाविद्यालय पटना के संयुक्त तत्वाधान में राष्टीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े के द्वारा युगपुरूष स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक श्री राजवाड़े ने विवेकानंद के जीवनी पर व्याख्यान दिए। तत्पश्चात जिला युवा अधिकारी पवन कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को विवेकानंद के प्रेरणा लेनी चाहिए, उनके बताएं मार्ग पर चलकर युवा अपनी शक्ति को पहचान सकते हैं, क्योंकि राष्ट का भविष्य देश के युवा पर निर्भर करता है, किसी भी देश के लिए या बेहद जरूरी है कि वह अपने युवाओं को सही दिशा दें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भविष्य उज्वलल हो युवाओं को जिम्मेदारी की भावना से संयुक्त होना चाहिए। युवा वर्ग किसी भी देश के लिए आशीर्वाद के समान है, क्योंकि वह ही देश के भविष्य को परिभाषित करते हैं। युवा दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नासिक में राष्टीय युवा दिवस के अवसर पर जो कार्यक्रम हुआ, उसके उद्घाटन को लाइव स्क्रीनिंग की गई। कार्यक्रम में युवक -युक्तियों द्वारा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नृत्य का भी मनमोहन प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पटना कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसी गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष केबी बिहारी जायसवाल, रविशंकर शर्मा, जवाहर लाल गुप्ता, कपिल जायसवाल, लक्ष्मण राजवाड़े, विनोद साहू, नेहरू युवा केन्द्र बैकुंठपुर के एमटीएस राजीव साहू व राष्टीय युवा स्वयंसेवक हरिओम साहू उपस्थित रहे।

**खास बात**

- देश का भविष्य युवाओं पर नेहरु युवा केन्द्र का आयोजन



आयोजन में उपस्थित विधायक भईयालाल राजवाड़े व अन्य।

## जिले के 24 धान उपार्जन केन्द्रों में होगा भौतिक सत्यापन

**मनेन्द्रगढ़।** सचिव छग शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के पत्र के परिपालन में कलेक्टर डी.राहुल वेकंट ने आदेश जारी कर खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के निरीक्षण एवं समुचित व्यवस्था के लिए जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के 24 धान उपार्जन केन्द्रों का भौतिक सत्यापन एवं मानिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। उपार्जन केन्द्र एवं निगरानी समिति के सदस्यों के नाम इस प्रकार है। धान उपार्जन केन्द्र चैनपुर, बंजी तथा कठौतिया के लिए नीरजकांत तिवारी प्रभारी तहसीलदार, सदानंद पैकरा खाद्य निरीक्षक, सहायक नोडल खरीदी केन्द्र, संबंधित राजस्व निरीक्षक, संबंधित क्षेत्र हल्का पटवारी, धान उपार्जन केन्द्र बरबसपुर, नागपुर तथा घुटरा के लिए श्रीकांत पाण्डेय नायब तहसीलदार, दीक्षा पाण्डेय खाद्य निरीक्षक, सहायक नोडल खरीदी केन्द्र, संबंधिति क्षेत्र का हल्का पटवारी, केल्हारी, कछौड़ तथा डोडकी के लिए करमचंद जाटवर नायब तहसीलदार, आनंद सिंह (सीसीबी नोडल), सहायक नोडल खरीदी केन्द्र, संबंधित राजस्व निरीक्षक, पटवारी (संबंधित क्षेत्र का हल्का पटवारी), खड़गवां, बरदर तथा कौडीमार के लिए शशि शेखर मिश्रा (प्रभारी तहसीलदार), दीपक प्रधान (खाद्य निरीक्षक), सहायक नोडल खरीदी केन्द्र, संबंधित राजस्व निरीक्षक, पटवारी (संबंधित क्षेत्र का हल्का पटवारी), सिंघत, कोड़ा तथा कटकोना के लिए सरिता राजवाड़े (नायब तहसीलदार), श्रीमती ममता भगत (खाद्य निरीक्षक), सहायक नोडल खरीदी केन्द्र, संबंधित राजस्व निरीक्षक, पटवारी (संबंधित क्षेत्र का हल्का पटवारी), कोटाडोल, कमर्जी तथा रापा के लिए यादवेन्द्र कैवर्त्य (नायब तहसीलदार), प्रवीण मिश्रा (खाद्य निरीक्षक), सहायक नोडल खरीदी केन्द्र, संबंधित राजस्व निरीक्षक, पटवारी (संबंधित क्षेत्र का हल्का पटवारी) जनकपुर, बहरासी तथा कुवांरपुर के लिए मूलचंद चोपड़ा अनुविभागीय अधिकारी (रा.), भूपेन्द्र राज खाद्य निरीक्षक, सहायक नोडल खरीदी केन्द्र, संबंधित राजस्व निरीक्षक, पटवारी संबंधित क्षेत्र का हल्का पटवारी, कंजिया, माड़ीसरई तथा सिंगरौली के लिए मनहरण सिंह राठिया नायब तहसीलदार, गजराज सिंह चौहान एसएडीओ, सहायक नोडल खरीदी केन्द्र, संबंधित राजस्व निरीक्षक, पटवारी संबंधित क्षेत्र का हल्का पटवारी की ड्यूटी लगाई गई है। संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। उक्त निगरानी दल धान खरीदी के लिए शेष बचे 12 दिनों में प्रतिदिन धान की आवक एवं रकबा समर्पण की स्थिति, जिले की उत्पादकता को ध्यान में रखते हुए, प्रत्येक उपार्जन केन्द्रों की नियमित समीक्षा कर कलेक्टर को रिपोर्ट देंगे। 12 जनवरी को कोटाडोल एवं रापा उपार्जन केन्द्रों में खाद्य विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त निरीक्षण के दौरान 2381 बोरो में 952 क्विंटल धान कम पाया गया, इसके कारण खरीदी प्रभारी रमाकांत पाण्डेय को खरीदी कार्य से पृथक कर दिया गया है।

## प्रभातफेरी निकाल श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए घर-घर बांटे आमंत्रण पत्र

**डोमनहिल।** 22 जनवरी के शुभ दिन प्रभु श्रीराम जी के बाल रूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भ गृह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस अवसर पर चिरमिरी में हर्षोल्लास का माहौल बना हुआ है। चिरमिरी नगर के राम भक्तों के द्वारा प्रतिदिन सुबह से ही प्रभातफेरी के माध्यम से गली-गली घूमकर राम धुन गाते हुए राम मंदिर अयोध्या से आए हुए अक्षत चावल और भगवान के मंदिर की फोटो लोगों के घरों में जाकर दी जा रही है। लोगों का आह्वान करते हुए रामभक्त बड़ी बाजार में रामबाबु अग्रवाल,अभय जायसवाल ,प्रकाश तिवारी,संजय गिरी, मनोज जैन, मुनमुन जैन, हल्दीबाड़ी के पार्षद राकेश परासर, डॉ.गौतम विश्वास, एसके दत्ता, संजू पाण्डे, व्यापार संघ के नितु कोहली ,संजय सिंह, अश्वनी अरोड़ा काकू,अरविंद गुप्ता, पार्षद गिरी, रामाकांत मिश्रा,लक्की परासर, डोमनहिल में सत्यनारायन सिंह, जेके दुबे, विजय सिंह,उमेस सिंह, दयानंद सिंह, संजीत सिंह, शंकर झा, मोती यादव, हरिशंकर सिंह सहित काफी संख्या में रामभक्तों ने प्रभात फेरी निकाल लोगों से अपील किया कि आप भी प्राण-प्रतिष्ठा के दिन 11 से 1 बजे के मध्य अपने ग्राम, मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में आस पड़ोस के राम भक्तों को एकत्रित करके भजन-कीर्तन करें, टेलीविजन अथवा कोई पर्दा एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह, समाज में दिखाएं शंख ध्वनि घंटानाद, आरती करें, प्रसाद वितरण करें, कार्यक्रम का स्वरूप मंदिर केनद्रित रहे, अपने मंदिर में स्थित देवी देवता का भजन-कीर्तन, आरती-पूजन एवं श्रीराम जय राम जय जय राम का विजय मंत्र का 108 बार सामूहिक जाप करें, इसके साथ हनुमान चालीसा सुंदरकांड, राम रक्षा स्त्रोत आदि का सामूहिक पाठ भी कर सकते हैं। सभी देवी-देवता प्रसन्न होंगे, संपूर्ण भारत का वातावरण सात्विक एवं राममय हो जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के दिन सायंकाल सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने देवताओं की प्रसन्नता के लिए दीपक जलाएं, दीप मालिका सजाएं, विश्व के करोड़ों घरों में दीपोत्सव मनाया जाए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए घर-घर जाकर लोगों से अपील करते हुए डॉ. गौतम विश्वास ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत प्रभु श्रीराम लला तथा नवनिर्मित मंदिर के दर्शन के लिए अपने अनुकूल समय अनुसार अयोध्या में परिवार सहित पधारे और श्रीराम की कृपा प्राप्त करें। इस अवसर पर काफी संख्या में रामभक्त प्रभातफेरी में शामिल रहे।



## जरुरतमंदों को बांटे गए गर्म कपड़े

**बैकुण्ठपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा बैकुंठपुर के द्वारा 13 जनवरी को सोनहत विकासखंड अंतर्गत कई ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों को निःशुल्क कंबल वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा बैकुंठपुर के सदस्यों के द्वारा उक्त दिवस सोनहत जनपद क्षेत्र के ग्राम पोड़ी, रजौली, अमरा आदि गांवों में विशेष पिछड़ी जनजाती पंडों परिवार के माताओं, बुजुर्गों को निःशुल्क कंबल वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न ग्रामों में शिविर लगाकर कुल 85 लोगों को निःशुल्क कंबल वितरण किया गया। विदित हो कि श्री सर्वेश्वरी समूह बैकुंठपुर शाखा द्वारा गरीब एवं असहाय लोगों को प्रतिवर्ष शिविर लगाकर गर्म कपडे का वितरण ठंड के दिनों में किया जाता है। कंबल वितरण कार्यक्रम में चंद्रशेखर सिंह, कृष्ण चंद्र गुप्ता, रवि गुप्ता, राकेश गुप्ता, गंगा प्रसाद गुप्ता, भूपेन्द्र पाल, कामेश्वर बघेल, संजय जायसवाल के अलावा ग्राम पंचायत पोंड़ी के सरपंच का योगदान रहा।




### पेज 3 का शेष...

**पहले मैच में तमिलनाडु...**

तमिलनाडु पुलिस टीम ने 3-0 से मऊ उत्तर प्रदेश टीम को हराया। प्रतियोगिता के अध्यक्ष सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, सचिव डॉ.एके बिराजी, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष रियाज अहमद रहे। रविवार का मैच न्यू स्पोटिंग क्लब चरचा वर्सेज गड़वाल स्पोटिंग देहरादून उत्तराखंड के मध्य खेला जाएगा।

**अवैध शराब की ब्रिकी..**

एसपी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेश बरैया के द्वारा टीम गठित कर मुखबीर के बताए स्थान संजय साहू के घर पर दबिस दी गई। पूछताछ पर युवक ने अपने निर्माणाधीन घर के पीछे गड्ढे में शराब रखकर बिक्री करना स्वीकार किया।

**अवैध ईंट भट्ठे में ...**

पर अवैध रूप से संचालित ईटा भट्ठा के पास एक ट्रैक्टर के अनियंत्रित हो जाने से दर्रीटोला निवासी ट्रैक्टर चालक धीरन उम्र 36 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई थी, इस घटना की पुलिस द्वारा जांच करने के दौरान पुलिस एवं खनिज विभाग को यहां पर अवैध ईंट भट्ठा संचालन एवं अमृतधारा रिजर्व फॉरेस्ट से कोयले के अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर प्रतिदिन रात्रिकालीन आसपास के अवैध ईंट भट्ठे में उक्त कोयले को खपाए जाने की जानकारी मिली थी। पुलिस एवं खनिज विभाग की टीम ने ईंट बनाने वाले मजदूरों का बयान लेकर अवैध ईंट भट्ठा संचालक सेमरा निवासी अंकित राय को जब्त किए गए 25 टन कोयले की खरीदी करने की पक्की रसीद पेश करने का नोटिस भी थमाया है और बिना लाइसेंस के ईंट भट्ठा के संचालन करते हुए पाए जाने पर उसे आरोपित किया है।

